भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
25.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5481 का उत्तर

वंदे भारत ट्रेनों के लिए सुरक्षा मानक

5481. श्री जगदीश शट्टर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ियां शुरू करने की क्या योजना है और इन तेज गति वाली रेलगाड़ियों में सुरक्षा मानकों को किस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है;

(ख) फर्जी टिकट बुकिंग के मुद्दों का समाधान करने के लिए शुरू किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है और यात्रियों को कन्फर्म टिकट प्राप्त करने में क्या चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ग) सामान्य/गैर-वातानुकूलित डिब्बों में भीड़-भाड़ की शिकायतों के मद्देनजर लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में गैर-वातानुकूलित सस्ते डिब्बों की संख्या में वृद्धि करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) भारतीय रेल द्वारा समाज के सभी वर्गों को किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यात्रियों के अनुभव में सुधार लाने के दृष्टिकोण से, भारतीय रेल ने स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विनिर्मित की गई वंदे भारत (स्लीपर और चेयर कार) अमृत भारत, नमो भारत रैपिड रेल गाड़ी सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें आधुनिक सवारी डिब्बे, उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (चेयर कार):

यात्रियों के बेहतर यात्रा अनुभव के दृष्टिकोण से, भारतीय रेल द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित वंदे भारत गाड़ियों में आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा सुविधाओं और यात्री सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इन वंदे भारत चेयर कार गाड़ियों में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- **झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे**
- **सभी सवारी डिब्बों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन और टॉक बैक इकाई**
- **बेहतर अग्नि संरक्षा- विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।**
- **180/160 किलोमीटर प्रति घंटे के डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।**
- **वॉइस रिकॉर्डिंग सुविधा और क्रैश हार्डन्ड मेमोरी के साथ चालक-गार्ड संपर्क।**
- **यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।**
- **बेहतर यात्रा अनुभव**
- **सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।**
- **दिव्यांगजन यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।**
- **रिमोट निगरानी के लिए कोच कंडीशन निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस)।**

दिनांक 18.03.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 162 वंदे भारत (चेयर कार) गाड़ी सेवाएँ परिचालित की जा रही हैं जो कि निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	**गाड़ी संख्या और नाम**
1	**22435/22436 नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस**

2	22439/22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20901/20902 गांधीनगर कैपिटल - मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22447/22448 अंब अंदौरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20607/20608 मैसूरु - एमजीआर चेन्नई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20825/20826 नागपुर - बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22301/22302 न्यू जलपाईगुड़ी - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20833/20834 सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22223/22224 साईंनगर शिरडी - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22225/22226 सोलापुर - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
11	20171/20172 निज़ामुद्दीन - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
12	20701/20702 तिरुपति - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
13	20643/20644 कोयंबटूर - चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
14	20977/20978 चंडीगढ़ - अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस
15	20633/20634 तिरुवनंतपुरम- कासरगोड वंदे भारत एक्सप्रेस
16	22895/22896 पुरी - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
17	22457/22458 देहरादून - आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस
18	22227/22228 गुवाहाटी - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
19	20911/20912 नागपुर - इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस
20	22229/22230 मडगांव - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
21	22349/22350 रांची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
22	20661/20662 धारवाड़ - बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
23	20173/20174 रीवा - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
24	22549/22550 गोरखपुर - प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
25	12461/12462 साबरमती - जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

26	22925/22926 ओखा - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
27	20665/20666 तिरुनेलवेली - चेन्नई एगुंबूर वंदे भारत एक्सप्रेस
28	20677/20678 नरसापुर - चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
29	20703/20704 यशवंतपुर - काचीगुडा वंदे भारत एक्सप्रेस
30	20631/20632 तिरुवनंतपुरम- मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
31	26963/26964 उदयपुर - असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस
32	22347/22348 पटना - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
33	20835/20836 पुरी - राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
34	20897/20898 रांची - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
35	22415/22416 नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
36	20641/20642 कोयंबत्तूर - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
37	20645/20646 मंगलूरु - मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
38	20705/20706 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - नांदेड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
39	22477/22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
40	22425/22426 आनंद विहार - अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
41	22487/22488 अमृतसर - दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
42	22962/22961 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
43	20707/20708 विशाखापत्तनम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
44	20663/20664 चेन्नई - मैसूरू वंदे भारत एक्सप्रेस
45	22233/22234 पटना - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
46	22470/22469 खजुराहो - निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
47	22231/22232 बेंगलुरु - कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस
48	20841/20842 विशाखापत्तनम - भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस
49	22345/22346 गोमती नगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

50	20887/20888 वाराणसी - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
51	22545/22546 देहरादून - लखनऊ जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
52	22490/22489 वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
53	20627/20628 नागरकोविल - चेन्नई एषुंबूर वंदे भारत एक्सप्रेस
54	20671/20672 बेंगलूरु कैंट - मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस
55	22500/22499 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
56	22309/22310 जमालपुर - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
57	20871/20872 राउरकेला - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
58	20893/20894 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
59	20892/20891 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
60	22303/22304 गया - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
61	20669/20670 पुणे - हुब्बली वंदे भारत एक्सप्रेस
62	20673/20674 पुणे - छत्रपति शाहू महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
63	20101/20102 सिकंदराबाद - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
64	20829/20830 विशाखापत्तनम - दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस
65	21893/21894 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
66	21895/21896 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
67	20176/20175 बनारस - आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
68	26901/26902 वेरावल - साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस
69	26401/26402 श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
70	26403/26404 श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
71	26502/26501 पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72	26751/26752 केएसआर बेंगलूरु - बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस
73	26406/26405 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस

74	26101/26102 पुणे - अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस
75	26302/26301 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
76	26481/26482 दिल्ली कैंट - जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
77	26471/26472 दिल्ली कैंट - बीकानेर वंदे भारत एक्सप्रेस
78	26462/26461 दिल्ली - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
79	26651/26652 एरणाकुलम - केएसआर बेंगलूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
80	26506/26505 खजुराहो - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
81	26504/26503 सहारनपुर - गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत स्लीपर गाड़ी सेवाएं:

लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर संस्करण को स्वदेश में डिजाइन और विकसित किया गया है। इस प्रकार की दो रेलगाड़ियों का पहले ही विनिर्माण किया जा चुका है। भारतीय रेल में इन गाड़ियों को व्यापक परीक्षणों के बाद शुरू किया गया है। प्रथम वंदे भारत स्लीपर गाड़ी सेवा अर्थात 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस गाड़ी सेवा का दिनांक 22.01.2026 से नियमित परिचालन शुरू कर दिया गया है।

वंदे स्लीपर जैसे नए चल स्टॉक के विकास की प्रक्रिया के लिए एक सर्वांगीण विधि की आवश्यकता होती है, जिसमें सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदेह यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष, कार्यनीतिक योजना और विनिर्माण का संयोजन होता है। इसमें प्रोटोटाइप को विकसित करना, उसकी व्यापक जांच और परीक्षण करना शामिल होता है, जिसके बाद श्रृंखलाबद्ध उत्पादन किया जाता है।

यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और सुरक्षित एवं आरामदेह यात्रा के मायनों में नए निर्देशमानक स्थापित करने के लिए, इन रेलगाड़ी सेटों में आधुनिक सवारी डिब्बों के साथ उन्नत संरक्षा सुविधाए और यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, यथा :

- **झटका मुक्त अर्ध स्थायी कप्लर एवं एंटी-क्लाइम्बर्स।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **180/160 किलोमीटर प्रति घंटे के डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।**
- **ईएन मानकों का अनुपालन करने वाला कारबॉडी का दुर्घटना-रोधी डिज़ाइन।**
- **अग्नि संरक्षा मानदंडों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारीडिब्बे के छोर पर अग्निरोधी दरवाजे।**
- **विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।**
- **ऊर्जा दक्षता के लिए पुनर्योजी ब्रेकन प्रणाली।**
- **यात्री क्षेत्र के अंदर स्वच्छता मानदंडों को बेहतर बनाने के लिए अनुकूलित वायु से 99% हानिकारक जीवाणुओं को निष्क्रिय करने के लिए, स्वदेश में विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली के साथ वातानुकूलन इकाइयां लगाई गई है।**
- **केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और चौड़े सीलबंद गैंगवे।**
- **सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।**
- **आपातकाल की स्थिति में यात्री और रेलगाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संवाद के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।**
- **दिव्यांगजन यात्रियों के लिए दोनों छोर पर ड्राइविंग कोच में विशेष शौचालय।**
- **यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश-व्यवस्था आदि की स्थिति की बेहतर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।**
- **ऊपर की शायिकाओं पर चढ़ने में सुगमता के लिए शारीरिक स्थिति के अनुसार डिज़ाइन की गई सीढ़ी।**

दिनांक 18.03.2026 के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 02 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (स्लीपर कार) परिचालित की जा रही हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	27575/27576 हावड़ा- कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर वंदे भारत गाड़ी सेवाओं सहित नई गाड़ियों को शुरू करना, मौजूदा गाड़ी सेवाओं का प्रतिस्थापन/समाप्ति एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें निम्नानुसार शामिल हैं:

- संबंधित रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए सुमेलित अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- संबंधित खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता

अवातानुकूलित सवारी डिब्बे [सामान्य और शयनयान]

सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान मुहैया कराने के लिए, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति में 22 सवारी डिब्बों की गाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के अवातानुकूलित सवारी डिब्बों और 08 (आठ) वातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रावधान है, जिससे सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान मुहैया कराया जाएगा।

अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, रेलवे ने साधारण श्रेणी के यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही, लंबी दूरी की विभिन्न गाड़ियों में 1250 साधारण सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया। चालू वित्त वर्ष (फरवरी, 2026 तक) में, 860 सवारी डिब्बों का स्थायी संवर्धन हेतु उपयोग किया गया है।

कम और मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों की यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (साधारण/शयनयान) का विनिर्माण शुरू कर दिया है। भारतीय रेल पर, अवातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत लगभग 70% है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 1: सवारी डिब्बों का वितरण:

अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (साधारण एवं शयनयान)	लगभग 62,000	लगभग 70%
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	लगभग 27,000	लगभग 30%
कुल सवारी डिब्बे	लगभग 89,000	100%

सामान्य सवारी डिब्बों की अधिक उपलब्धता के कारण, सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 2: सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्री:

वर्ष	यात्रियों की संख्या
2020-21	99 करोड़ (कोविड वर्ष)
2021-22	275 करोड़ (कोविड वर्ष)
2022-23	553 करोड़
2023-24	609 करोड़
2024-25	651 करोड़

अवातानुकूलित यात्रियों के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई है। वर्तमान संरचना निम्नानुसार है:

तालिका 3: सीटों का वितरण:

अवातानुकूलित सीटें	लगभग 54 लाख	लगभग 78%
वातानुकूलित सीटें	लगभग 15 लाख	लगभग 22%
कुल	लगभग 69 लाख	100%

अमृत भारत सेवाएः

निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती यातायात साधन उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रेल ने अमृत भारत सेवाएँ प्रारम्भ की हैं, जो पूर्णतः अवातानुकूलित आधुनिक रेलगाड़ियां हैं। वर्तमान में, अमृत भारत की संरचना में 11 साधारण श्रेणी के सवारी डिब्बे, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बे, 1 रसोई-यान और 2 सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे शामिल हैं।

उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन गाड़ियों की विशिष्टताएं हैं, जिनमें निम्नलिखित उन्नत सुविधाएँ और विशेषताएं शामिल हैं:

i. वंदे भारत स्लीपर के समान उन्नत रूप और अनुभूति वाले सीट और बर्थ का बेहतर साज-सज्जा।
ii. झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।
iii. क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।
iv. सभी सवारी डिब्बों और सामान कक्ष में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।
v. शौचालयों का बेहतर डिज़ाइन।
vi. बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी का बेहतर डिज़ाइन।

vii. बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।

viii. ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।

ix. शौचालयों और इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली।

x. यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।

xi. यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली।

xii. उन्नत तापन क्षमता वाली गैर-वातानुकूलित रसोई-यान।

xiii. आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित मोचन प्रणाली वाले पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।

दिनांक 18.03.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 60 अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	11015/11016 लोकमान्य तिलक (टी) - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
3	15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
4	15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
5	15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6	15567/15568 बापूधाम मोतिहारी - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
7	22361/22362 राजेंद्रनगर (टी) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8	13433/13434 एसएमवीटी बेंगलूरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
9	13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
10	15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
11	14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

12	14627/14628 सहरसा - छेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस
13	19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
14	16601/16602 इरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
15	19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस
16	15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस
17	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
18	16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
19	11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
20	16107/16108 ताम्बरम - संतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस
21	13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
22	22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
23	20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
24	15949/15950 डिब्रूगढ़ - गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
25	16121/16122 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस
26	16329/16330 नागरकोविल - मेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस
27	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस
28	16619/16620 पोदनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
29	16357/16358 नागरकोविल - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
30	15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस

स्पेशल रेलगाड़ियां

भारतीय रेल यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने और नियमित गाड़ी सेवाओं में उपलब्ध एकोमोडेशन को पूरा करने के लिए, त्योहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन भी करती है।

तदनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क में स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या जो ग्रीष्म/शरद की छुट्टियों, त्योहारों आदि के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए परिचालित की जाती है, निम्नानुसार है:

वर्ष	फेरों की संख्या
2023-24	लगभग 40,500
2024-25	लगभग 85,400
2025-26 (फरवरी, 2026 तक)	लगभग 74,800

टिकट बुकिंग:

भारतीय रेल द्वारा फर्जी टिकट बुकिंग और दलाली के मुद्दों का समाधान करने के लिए किए गए समाधान निम्नानुसार हैं:

1. अनधिकृत टिकटिंग गतिविधियों को रोकने के लिए यात्री आरक्षण प्रणाली केंद्रों, बुकिंग कार्यालयों, प्लेटफार्मों, गाड़ियों आदि जैसे जनसंपर्क क्षेत्रों में नियमित जांच की जाती है। त्योहारों, छुट्टियों आदि जैसी व्यस्तम अवधि के दौरान इस प्रकार की सघन जांच की जाती है।

2. जनता को जनउद्घोषणा प्रणाली और मीडिया के माध्यम से भी शिक्षित किया जाता है, ताकि वह अनैतिक तत्वों से टिकट न खरीदें और इन अनधिकृत स्रोतों से टिकट खरीदने पर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

3. भारतीय रेल पर दलालों के विरूद्ध रेल सुरक्षा बल द्वारा नियमित अभियान चलाए जाते हैं और दलाली में शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध रेल अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। व्यापक उपशाखाओं वाले मामलों और अन्य आपराधिक मामलों के घटकों से जुड़े मामलों को पुलिस और सीबीआई जैसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय से निपटाया जाता है।

4. टिकटों को हड़पने के लिए अवैध सॉफ्टवेयर का उपयोग करने वाले दलालों की गतिविधियों को रोकने के लिए रेल सुरक्षा बल के साइबर सेल के माध्यम से नियमित रूप से साइबर गश्त की जाती है और उनके विरूद्ध मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

इसके अलावा, भारतीय रेल ने आरक्षण में कदाचार में शामिल अनैतिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए भी कई उपाय किए हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:-

i. दिनांक 01-07-2025 से, तत्काल योजना के अंतर्गत टिकटों को केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ताओं द्वारा इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से बुक किया जा सकता है। इसके अलावा, एजेंटों को तत्काल बुकिंग खुलने के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने से प्रतिबंधित किया गया है।

ii. अग्रिम आरक्षण अवधि के सामान्य आरक्षण के खुलने वाले दिन के दौरान, आरक्षित सामान्य टिकटों को केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ताओं द्वारा आईआरसीटीसी की वेबसाइट या इसके ऐप के माध्यम से बुक किया जा सकता है।

iii. यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं कि आरक्षित टिकटों की बुकिंग करते समय संक्षिप्त नामों पर टिकट बुक नहीं किए जाएं और आरक्षित टिकटों की बुकिंग करते समय यात्री का पूरा नाम और उपनाम (जहां भी लागू हो) का प्रयोग करें।

iv. आरक्षित श्रेणी में यात्रा करते समय यात्रियों में से एक के लिए निर्धारित पहचान प्रमाण साथ रखना अनिवार्य कर दिया गया है।

v. अनधिकृत टिकटिंग गतिविधियों में शामिल अनैतिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वाणिज्यिक, सतर्कता और सुरक्षा विभागों द्वारा नियमित जांच की जाती

है। त्योहारों, छुट्टियों आदि जैसे व्यस्त समय के दौरान इस प्रकार की सघन जांच की जाती है।

vi. महत्वपूर्ण यात्री आरक्षण प्रणाली स्थानों पर क्लोज सर्किट टेलीविजन संस्थापित करके आरक्षण कार्यालयों में निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

****